तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 6 मई 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 कृषि रथ पहुंचा रहा गांव-गांव में आधुनिक कृषि का संदेश



## खबर संक्षेप

### छायाचित्र प्रदर्शनी का ग्रामीणों ने किया अवलोकन

**कोरबा।** सुशासन तिहार के उपलक्ष्य में जनसंपर्क विभाग द्वारा ग्राम कनकी, पिपरिया में जिले के विकास कार्यों, उपलब्धियों एवं नवाचारों पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी लगाई गई। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में प्रदर्शित फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। छायाचित्र प्रदर्शनी के माध्यम से केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के जीवन मे हुए सकारात्मक बदलाव सहित जिले के अनेक विकास कार्यों, उपलब्धियों, नवाचार के संबंध में छायाचित्र के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस दौरान जनमन सहित अन्य पत्रिका का वितरण भी किया गया।

### ग्राम इरफ में कल जन समस्या निवारण शिविर

**कोरबा।** सुशासन तिहार अंतर्गत आम जनता के समस्याओं के निराकरण करने, उन्हें शासकीय योजनाओं की जानकारी देने तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किये जाने के उद्देश्य से जिले के विभिन्न कलस्टर ग्रामों में जन समस्या निवारण षिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में 7 मई को प्रातः 11 बजे से पाली विकासखंड के ग्राम ईरफ में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित की जाएगी। इसी तरह 8 मई को विकासखंड पाली के ग्राम बसीबार, 11 मई को पोंड़ीउपरोड़ा के ग्राम बैरा और 12 मई को पाली ग्राम चोढ़ा तथा कोरबा के ग्राम चुईया में जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न होंगे।

### मछुआ सहकारी समिति के सदस्यों के निर्वाचन कार्यक्रम जारी

**कोरबा।** विस्थापित आदिवासी मछुआ सहकारी समिति मर्यादित एतमा बसाहट पंजीयन क्रमांक 3506 विकासखंड पोंड़ीउपरोड़ा के संचालक मंडल सदस्यों के निर्वाचन हेतु चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। रिटर्निंग अधिकारी एचके चौहान द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्र 12 मई को सुबह 11.30 बजे से अपरांह 3.30 बजे तक समिति कार्यालय में लिया जाएगा। विशेष साधारण सम्मिलन में मतदान 20 मई को सुबह 10 बजे से अपरांह 3 बजे तक सोसायटी कार्यालय में कराया जाएगा। मतदान समाप्ति के एक घंटे के बाद समिति कार्यालय में मतगणना की जाएगी। अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं अन्य प्रतिनिधियों के निर्वाचन की प्रक्रिया 25 मई को प्रातः 11.30 बजे से अपरान्ह 3.30 बजे तक समिति कार्यालय में संपन्न होगी। निर्वाचन कार्यक्रम से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए समिति के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है।

### रोजगार मेला का आयोजन 11 से

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र द्वारा जिले के विभिन्न औद्योगिक प्रषिक्षण संस्थान (आईटीआई) में रोजगार मेला का आयोजन 11 से 15 मई तक किया जा रहा है। 11 मई को आईटीआई चोरभट्ठी, 12 मई को बालक आईटीआई रामपुर, 13 मई को आईटीआई करतला, 14 मई को आईटीआई पोंड़ीउपरोड़ा और 15 मई को आईटीआई पाली में प्रातः 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला में नियोजक श्रमिन टैलेन्ट प्रा0लि0, परिनियल टेक्नोलाजी प्रा.लि. एवं वेदान्ता स्कील लर्नेट स्कूल बालको द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु वेबसाईट में आवेदक का रोजगार पंजीयन आवश्यक है। साथ ही इच्छुक रिक्त पदों को चयन करें। जिन आवेदकों ने रोजगार पंजीयन नहीं किया है वे उक्त वेबसाईट में अपना पंजीयन करवा सकते हैं। रोजगार मेला में सम्मिलित होने हेतु अपना समस्त शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र और पासपोर्ट साईज फोटो रोजगार पंजीयन, अनुभव प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेजों के साथ निर्धारित स्थल में प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक उपस्थित हो सकते हैं।

# समय पर नहीं पहुंच रही शिवनाथ, वैनगंगा, हसदेव और लिंक एक्सप्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

भीषण गर्मी में ट्रेनों की चाल बिगड़ गई है। रविवार को वैनगंगा एक्सप्रेस के साथ ही सुबह यहां पहुंचने वाली शिवनाथ एक्सप्रेस, लिंक एक्सप्रेस भी समय पर नहीं पहुंची। वहीं शनिवार रात आने वाली हसदेव एक्सप्रेस भी डेढ़ घंटे की देरी सी आई थी। शिवनाथ एक्सप्रेस को भी इतवारी से 2 घंटा विलंब से रवाना किया था। यह गाड़ी रविवार सुबह 12.57 बजे अर्थात 3 घंटा 37 मिनट की देरी से पहुंची, जबकि इसके यहां आने का निर्धारित समय सुबह 9.20 बजे है। विशाखापट्टम से आने वाली लिंक एक्सप्रेस के विलंब चलने की मार्जिन रविवार को महज 49 मिनट की रही।

वैनगंगा सुपरफास्ट एक्सप्रेस यशवंतपुर से 2 घंटा विलंब से कोरबा के लिए रवाना हुई, लेकिन गोंदिया पहुंचते तक यह गाड़ी 5 घंटा लेट हो गई। गोंदिया से रवाना होने के साथ ही माना जा रहा था कि इतनी ही देरी से यह गाड़ी कोरबा पहुंच जाएगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। पहले से ही 5 घंटा विलंब से चल रही यह गाड़ी कोरबा आते-आते ढाई घंटा और लेट हो गई।

बिलासपुर जोन में यहां की गाड़ियों को लेट करने का लंबे समय से ट्रेंड बन गया है। कभी कोयला गाड़ी तो कभी स्टेशन में प्लेटफार्म खाली नहीं होने का कारण बता दिया जाता है। यशवंतपुर से कोरबा आने वाली 221251 वैनगंगा सुपर फास्ट एक्सप्रेस रविवार को 7 घंटा 29 मिनट की देरी चलकर दोपहर 11.50 बजे पहुंची, जबकि इस गाड़ी के यहां आने का निर्धारित समय सुबह 4.30 बजे है। रेल प्रशासन के अनुसार यह गाड़ी यशवंतपुर से दो घंटे की देरी से रवाना हुई थी, जो बीच के स्टेशनों में विलंब होते-होते यहां तक पहुंची। विलंब से पहुंचने के कारण यहां से सुबह 8.05 बजे यशवंतपुर के रवाना होने वाली 12252 वैनगंगा सुपरफास्ट दोपहर 1.59 बजे रवाना की गई। इसके कारण आने वाले यात्रियों के साथ यहां से जाने वाले यात्री भी दोपहर में गर्मी से झुलसने मजबूर हुए।

### दोपहर में गर्मी से झुलसने मजबूर हो रहे यात्री

**खास बात**

- मंगलवार शाम आने वाली मेमू पैसेंजर 2 घंटे से अधिक समय तक सरगबुंदिया रेलवे स्टेशन में खड़ी रही



## सायबर पुलिस थाना में कार्यक्रम आयोजित कर एसपी ने स्वयं लौटाया मोबाइल

# खोई मुस्कान लौटी, पुलिस ने बरामद किए 75 गुम मोबाइल, मालिकों को सौंपा तो खिल उठे चेहरे



मोबाइल सौंपते हुए पुलिस अधीक्षक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मोबाइल गुम होना यानी यादें, जरूरी दस्तावेज और मेहनत की कमाई एक साथ चली जाती है, ऐसे ही सैंकड़ों मालिकों ने अपने मोबाइल गुम हो जाने की शिकायत थाना में दर्ज करायी थी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लिया और 75 से ज्यादा लोगों के लिए मंगलवार का दिन खुशियों भरा रहा। महीनों पहले गुम हुए उनके मोबाइल जब एसपी ने सायबर थाना में कार्यक्रम आयोजित कर अपने हाथों से गुम हो चुके मोबाइलों को जब मालिकों को सौंपा गया तो कई लोगों की आंखें भर आईं। किसी का लाखों का फोन था, किसी में बच्चों की तस्वीरें, तो किसी में जरूरी बिजनेस डेटा।

उल्लेखनीय है कि मोबाइल फोन लोगों की सबसे ज्यादा जरुरत की चीज बन गई है जिसमें बैंक का डिटेल, फोन पे, फोटो वीडियो सहित अन्य जरुरी दस्तावेज होते हैं। जिन लोगों की मोबाइल गुम हो जाती है या फिर चोरी हो जाती है वे अपने उम्मीद ही छोड़ दे हैं कि उनकी खोयी हुई मोबाइल मिलेगी। मंगलवार को सायबर पुलिस थाना में दूर दराज से पहुंचे ऐसे लोग जिनकी खोयी हुई मोबाइल मिल गई थी और टेबल पर अपना पुराना मोबाइल देख गदगद नजर आ रहे थे। एसपी सिद्धार्थ तिवारी व उनकी टीम का नतीजा था कि 75 से अधिक मोबाइल फोन पुलिस ने बरामद किया था। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थी तिवारी ने साइबर पुलिस थाना कोरबा में आयोजित कार्यक्रम में कुल 75 गुम मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंपे गए। बरामद मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख 50 हजार है। मोबाइल वापस मिलने पर नागरिकों के चेहरों पर खुशी और मुस्कान देखने को मिली। अपने खोए हुए मोबाइल वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने जिला पुलिस की कार्यवाही की सराहना की।

### चार महीने के भीतर दो सौ मोबाइल बरामद

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर खोये हुए मोबाइल फोन को खोजने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कटघोरा नीतिश ठाकुर एवं नगर पुलिस अधीक्षक प्रतीक चतुर्वेदी, साइबर पुलिस थाना प्रभारी निरीक्षक ललित चंद्रा, सउनि अजय सोनवानी, डेमन ओग्रे, प्रशांत सिंह, विरकेश्वर सिंह, गुनाराम सिन्हा, रेणु टोप्पो सहित उनकी टीम ने विभिन्न जिलों एवं राज्यों से गुम मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया। उल्लेखनीय है कि साइबर पुलिस थाना कोरबा द्वारा पिछले 4 महीनों में 200 से अधिक गुम मोबाइल फोन ट्रैक कर उनके वास्तविक स्वामियों तो वापस दिलाया जा चुका है। पूर्व में भी कोरबा पुलिस द्वारा इस प्रकार के विशेष अभियान चलाकर नागरिकों को उनके गुम मोबाइल लौटाए गए हैं।

# पत्नी चली गई मायके तो शराब पीकर पति चढ़ गया हाईटेंशन टावर पर



लाल घेरे में टॉवर में चढ़ा युवक।

**खास बात**

- उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम करमंदी का मामला, पत्नी ने फोन किया तब उतरा नीचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पत्नी के मायके जाने से नाराज पति शराब के नशे में धुत्त होकर हाईटेंशन लाइन के टावर पर चढ़ गया था और आत्महत्या करने की धमकी देने लगा। घंटों चले हाईवोल्टेज ड्रामे के बीच पत्नी ने जब पति के मोबाइल फोन पर मान मनुव्वल किया तब वह नीचे उतरा। इस बीच पुलिस घंटों उसे उतारने के लिए मशक्कत करती रही।

जानकारी के अनुसार उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत करमंदी निवासी मुकेश गभेल 34 वर्ष जो मजदूरी करता है। बताया जाता है कि पत्नी घरेलू विवाद से परेशान होकर दो-तीन दिन पहले अपने मायके चली गई थी। मुकेश ने अपनी पत्नी को मनाने की कई बार कोशिश किया बावजूद उसकी पत्नी नहीं मानी। इससे परेशान होकर मुकेश ने सोमवार की शाम करीब 5 बजे नशे की हालत में टावर पर चढ़कर हंगामा करने लगा। इस दौरान मुकेश टावर के उपर चढ़कर जोर-जोर से चिल्लाते बोल रहा था कि जब तक उसकी पत्नी घर नहीं लौटती है तब तक वह नीचे नहीं उतरेगा। घटना की सूचना मिलते ही उरगा पुलिस मौके पर पहुंची और मुकेश को नीचे उतारने का प्रयास किया गया। इस बीच उरगा पुलिस ने मुकेश की पत्नी को इसकी जानकारी दी और फोन पर मुकेश से बात करवाया तब कहीं जाकर मुकेश बिजली टावर से नीचे उतरा। ज्ञात रहे कि कुछ दिन पूर्व ही पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत भी घटना सामने आयी थी जहां एक युवक हाई टेंशनटावर पर चढ़कर हाई वोल्टेज ड्रामा किया था।

# आक्रोशित भूविस्थापितों की आज से दो दिवसीय कामबंद हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा क्षेत्र के भूविस्थापितों ने प्रबंधन की तानाशाही और वादाखिलाफी के खिलाफ हक संघर्ष की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है लंबे समय से अपनी जायज मांगों के लिए संघर्ष कर रहे ग्रामीणों ने आगामी 6 और 7 मई को कुसमुंडा खदान का चक्काजाम कर खदान बंद करने की आधिकारिक घोषणा की है। भू-विस्थापितों के अनुसार बीते 30 मार्च को कुसमुंडा क्षेत्रीय कार्यालय में दीपका तहसीलदार की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई थी।

इस दौरान प्रबंधन ने आश्वासन दिया था कि 15 दिनों के भीतर बिलासपुर मुख्यालय में सक्षम अधिकारियों के साथ बैठक कराकर समस्याओं का समाधान निकाला जाएगा लेकिन अफसोसजनक है कि एक महीना बीत जाने के बाद भी प्रबंधन ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। विस्थापितों की प्रमुख मांगों में विस्थापित परिवारों में जमीन अधिग्रहण के बाद जन्मे सदस्यों के रोजगार और पुनर्वास के संबंध में स्पष्ट नीति, वर्षों से धूल खा रहे पुराने मामलों का तत्काल निपटारा, स्थानीय विस्थापितों को आउटसोर्सिंग कार्यों में उचित भागीदारी, बरमपुर दुरपा जैसे क्षेत्रों में गैर-कानूनी कब्जों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग प्रमुख है। भू-विस्थापितों की प्रतिनिधि गोमती केंवट एवं अन्य आंदोलनकारियों ने स्पष्ट किया है कि उन्होंने जिला प्रशासन, पुलिस अधीक्षक और संबंधित थाना प्रभारियों को सूचना दे दी है दो दिवसीय खदान बंदी के दौरान होने वाले किसी भी उत्पादन घाटे या कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए पूर्ण रूप से एसईसीएल कुसमुंडा प्रबंधन जिम्मेदार होगा। भूविस्थापितों ने चेतावनी दी है कि अब केवल कोरे आश्वासनों से काम नहीं चलेगा जब तक ठोस निर्णय नहीं होता आंदोलन जारी रहेगा।

**खास बातें**

- त्रिपक्षीय वार्ता में प्रबंधन के आश्वासन के बाद भी मांगें पूरी नहीं होने से खोला मोर्चा
- एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित भूविस्थापितों का मामला

### महाविद्यालय के पीछे स्टेडियम के पास संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव

**अकलतरा।** नगर के इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय के पीछे पं. दीनदयाल उपाध्याय स्टेडियम के पास एक 19 वर्षीय युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रूपेश चौहान पिता– शेखर चौहान के रूप में हुई है, जो कॉलेज के पास ही निवास करता था। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, रूपेश चौहान का शव सोमवार सुबह महाविद्यालय के बगल एक पेड़ पर लटका हुआ मिला। सुबह करीब छह बजे मोहल्ले के लोगों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई।मृतक की मां ने बताया कि रूपेश पिछले तीन महीनों से रायपुर में मिस्त्री का काम कर रहा था और एक दिन पहले ही घर लौटा था। शाम को घर में खाना खाने के बाद वह बाहर निकला, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा।

# युद्ध ने मेडिकल कालेज के काम पर लगाया ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ईरान और अमेरिका, इजरायल युद्ध का असर जिले की विकास कार्यों पर पड़ रहा है। निर्माणाधीन जिला मेडिकल कॉलेज भवन में लगने वाले टाइल्स की आपूर्ति बाधित हो गई थी। गुजरात की फैक्ट्री से टाइल्स की आपूर्ति नहीं होने से कुछ दिनों तक निर्माण कार्य बाधित रहा। हालांकि अब टाइल्स के आ जाने के बाद एक बार फिर निर्माण कार्य ने रफ्तार पकड़ ली है।

**खास बातें**

- युद्ध की वजह से बाधित हुई गुजरात से टाइल्स की आपूर्ति

शहर के गोढ़ी के समीप सी.जी.एम.एच.सी. (छत्तीसगढ़ मेडिकल हाउसिंग कार्पोरेशन) द्वारा नए जिला मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। भवन निर्माण के बाद फ्लोर पर टाइल्स लगाने का काम शुरू करना था। जिसके लिए गुजरात के मोरबी शहर की फैक्ट्री से थोक में रोड सेल के जरिए टाइल्स की आपूर्ति की योजना बनाई गई थी। इसी दौरान ईरान और अमेरिका के बीच युद्ध शुरू हो गया। जिसका असर विश्व के कई देशों पर देखने को मिला। युद्ध की वजह से मेडिकल कॉलेज भवन में लगने वाले टाइल्स की आपूर्ति बाधित हो गई । दूसरे देशों से गुजरात की फैक्ट्री में रॉ मैटेरियल नहीं पहुंचने से टाइल्स का निर्माण कार्य बंद पड़ गया था। यही वजह है कि मेडिकल कॉलेज भवन में निर्धारित समय पर टाइल्स नहीं पहुंच सका। जिसका असर यह हुआ कि भवन निर्माण कार्य धीमा पड़ गया। आखिरकार कुछ दिनों के बाद गुजरात की फैक्ट्री से टाइल्स की खेप निर्माणाधीन जिला मेडिकल कॉलेज भवन पहुंचा जिसके बाद टाइल्स लगाने का शुरू कर दिया गया। वर्तमान में भवन निर्माण कार्य जोरो पर है और आने वाले समय पर जल्द ही निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। दरअसल अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह के दौरान कलेक्टर कुणाल दुदावत ने निर्माणाधीन जिला मेडिकल कॉलेज भवन का निरीक्षण किया था। उस दौरान यह बात सामने आई थी कि मेडिकल कॉलेज भवन में टाइल्स की आपूर्ति नहीं हो सकी है। कंपनी द्वारा गुजरात की फैक्ट्री से सीधे टाइल्स मांगने की योजना थी पर युद्ध की वजह से गुजरात की फैक्ट्री में टाइल्स निर्माण कार्य बंद पड़ गया था। उस दौरान कलेक्टर ने निर्माण कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिए थे।

### काम जारी

युद्ध की वजह से गुजरात से टाइल्स की आपूर्ति बाधित हुई थी। अब टाइल्स की आपूर्ति होने के बाद टाइल्स लगाने का काम जारी है।

**-उत्सव अग्रवाल,** इंजीनियर सीजीएमएचसी

## शहर और ग्रामीण अंचलों में घंटों गुल रही बिजली, कई हिस्सों में जल भराव की स्थिति

# तेज आंधी बारिश से उतरदा बस स्टैंड में गिरे पेड़, तीन मवेशियों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मंगलवार शाम मौसम में आए अचानक बदलाव से जिले के शहरी व ग्रामीण अंचल में झमाझम बारिश हुई। मुख्य मार्गों सहित चौक चौराहों में जलभराव का सामना लोगों को करना पड़ा। वहीं घंटों बिजली गुल रही, जो देर शाम तक बहाल नहीं हो सकी थी। हरदीबाजार के उतरदा बस स्टैंड में पीपल और बरगद पेड़ गिरने से तीन मवेशियों की दबने से मौत हो गई है।

मौसम में आए बदलाव की वजह से तेज आंधी और बारिश का सामना लोगों को करना पड़ा। दिन भर तेज धूप का सामना करने वाले आम शहरवासियों को शाम 6 बजे के बाद मौसम में आए बदलाव से कुछ राहत मिली। जब आसमान में बादल छाने लगे। देखते ही देखते अनेक हिस्सों में जमकर अनेक हिस्सों में झमाझम बारिश हुई। शहर के साथ उपनगरीय क्षेत्र कटघोरा और दर्री, अंधेरे में समा गए। मुख्य मार्ग से लेकर बायपास मार्ग की भी बिजली गुल हो गई। पाली और कटघोरा मार्ग में कुछ जगह पेड़ों की डंगालियां गिरने की भी जानकारी सामने आई है। बताया जाता है कि हरदीबाजार के उतरदा बस स्टैंड में तेज आंधी से बस स्टैंड में लगे पीपल और बरगद के विशाल पेड़ बस स्टैंड ⏭ शेष पेज 3 पर



बस स्टैंड में गिरे बरगद व पीपल के पेड़ जिसके नीचे दबने से तीन मवेशियों की हुई मौत।

### आंधी-तूफान ने ध्वस्त की विद्युत व्यवस्था

मंगलवार की शाम मौसम में अचानक तेज आंधी-तूफान ने विद्युत व्यवस्था की कमर तोड़ दी। शाम 5 बजे से 6 बजे के बहुत तेज गति से हवाओं और बारिश ने पूरे जिले में तबाही मचा दी। तेज आंधी तूफान की वजह से शहर से सहित उपगनीय क्षेत्र दर्री कटघोरा सहित आसपास क्षेत्र की बिजली व्यवस्था ध्वस्त हो गई जिसकी वजह से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ा। विद्युत विभाग के शहरी क्षेत्र के डीई राजेश चौहान ने बताया कि तेज आंधी तूफान की वजह से शहर के तीनों जोन अंतर्गत आने वाले सभी सब स्टेशनों से लाईन को ट्रीप कराई गई है। पानी रुकने के बाद एक एककर सब स्टेशन को चार्ज किया जाएगा जिसके बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी कि किस किस इलाके में व्यवधान उत्पन्न हुआ है। तेज आंधी बारिश की वजह से निश्चित तौर पर लाईन में फाल्ट जरुर आया होगा। बारिश थमते ही पूरी टीम विद्युत व्यवस्था को सुचारु रुप से काम शुरु करेगी।

### बीते चार दिन में ऐसा रहा तापमान

रविवार की शाम को आंधी के साथ ही कहीं-कहीं बूंदाबांदी हुई। 30 अप्रैल को बारिश होने के कारण 1 मई को तापमान सामान्य से 4 डिग्री नीचे चला गया था। 1 मई को अधिकतम तापमान 37 डिग्री दर्ज हुआ था। 2 मई को यह बढ़कर 41 डिग्री पहुंचा, वहीं 3 मई को करीब इतना ही रिकॉर्ड हुआ। पूर्व के वर्षों में मई में दर्ज बारिश के आंकड़ों का पता लगाया तो इसमें यह मालूम हुआ कि मई में तब ही राहत मिली है, जब बारिश हुई है। वर्ष 2025 में जब महीने भर में रिकॉर्ड बारिश हुई तो नतीजा यह रहा कि उच्चतम तापमान केवल 41 डिग्री तक ही पहुंच पाया। यानी मई के औसत तापमान 42 डिग्री से कम तापमान रिकॉर्ड हुआ। इसी तरह साल 2021 में भी वर्षा ने पारे को 41 डिग्री पर रोक दिया था, जो पिछले दशक के सबसे कम तापमान वाले वर्षों में दर्ज है। इसी तरह 2023 में भी बारिश होने के कारण अधिकतम तापमान 43 डिग्री में ही थम गया। लेकिन इसके पहले के वर्षों पर गौर करें तो 24 घंटे के भीतर कम बारिश हुई है। यानी बीच-बीच में बारिश होने से लोगों को तापमान से राहत मिलती रही।

## खबर संक्षेप

### जेल में तबियत खराब विचाराधीन बंदी की मौत



**बिलासपुर।** जेल में तबियत खराब होने पर एक विचाराधीन बंदी की मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जेल अधीक्षक खोमेश मंडावी ने बताया कि मस्तूरी गतौरा निवासी राजू गोंड पिता मोहनलाल गोंड 32 साल बीएनएस की धारा 65 में 26 सितंबर 2025 से जेल में बंद था। 5 मई की सुबह बैरक में बैठने के दौरान अचानक उसके सीने में दर्द हुआ। उसे इलाज के लिए जेल अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद उसकी स्थिति को देखते हुए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पुलिस मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृत्यु के कारणों का खुलासा हो पाएगा।

### बाइक से गिरकर दो युवकों की मौत

**बिलासपुर।** कोरबा जाने के दौरान तीन सवारी बाइक सवार



अनियंत्रित होकर गिर गए। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई है। कोरबा हरदीबाजार निवासी दुर्गेश पटेल पिता विनोद पटेल अपने दोसत जोगेश्वर पटेल व तामेश्वर के साथ 4 मई की रात बाइक में बिलासपुर से हरदीबाजा रहे थे। रात 12.30 बजे रतनपुर नेशनल हाइवे में बाइक अनियंत्रित होने से तीनों गिर गए। हादसे में जोगेश्वर पटेल व तामेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। जहां डाक्टर ने परिक्षण के बाद जोगेश्वर पटेल को मृत घोषित कर दिया। वहीं तामेश्वर को सिविल लाइन क्षेत्र के निजी हास्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### पत्नी को मारने का प्रयास, पति गिरफ्तार

**बिलासपुर।** चरित्रशंका पर चूहामार खिलाकर पत्नी को मारने की कोशिश करने वाले पति को



पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीपत टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि मचखंडा निवासी रामरतन सूर्यवंशी 65 साल अपनी पत्नी के चरित्र पर शंका कर हमेशा मारपीट कर रहा था। उसके बाद भी उसकी पत्नी परिवार के साथ रह रही थी। इसी बीच उसने घर में चूहा होने की बात कहकर अपनी पत्नी को चूहामार खरीदकर लेकर आने को कहा। पत्नी ने गांव के दुकान से दवा खरीदकर लाई पति को दे दी। आरोपी पति लकड़ी लेकर आने की बात कहकर पत्नी को खार लेकर गया और उसे जबरदस्ती चूहामार खिला दिया। जानकारी होने पर परिजन ने उसे इलाज के लिए सिम्स में भर्ती कराया गया था। तीन दिन बाद होश आने पर महिला ने यह बात अपने बेटे को बताई। पुलिस पीड़िता की रिपोर्ट पर बीएनएस की धारा 109, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर आरोपी रामरतन सूर्यवंशी को गिरफ्तार कर लिया है।

## करंट अकाउंट में राशि नहीं रखने के निर्देश

### मार्च महीने में खर्च व बचत की जानकारी लेने ट्रेजरी ने जारी किया पत्र

# वित्त विभाग ने जिले के 280 डीडीओ से मांगा करंट अकाउंट की राशि का हिसाब

**बिलासपुर।** जिला कोषालय द्वारा जिले के 280 आहरण संवितरण अधिकारियों से उनके विभाग में करंट अकाउंट में उपलब्ध राशि का हिसाब मांगा गया है।

वित्त विभाग के निर्देशानुसार ई-पेमेंट व्यवस्था लागू होने के बाद वेंडरों को राशि भुगतान सीधे उनके खातों में किया जाना है। वित्त विभाग के उक्त निर्देशों के पालन होने या नहीं होने संबंधी जांच के लिए जिला कोषालय द्वारा जिले के सारे डीडीओ को पत्र जारी कर उनके द्वारा मार्च में किए गए भुगतान एवं वर्तमान में करंट अकाउंट में उपलब्ध शेष राशि की




जानकारी मांगी गई है। वित्त विभाग द्वारा प्रदेश के सारे विभागों से उनके करंट अकाउंट में उपलब्ध शेष राशि की जानकारी चाही गई है। इसके अंतर्गत जिला कोषालय द्वारा जिले में पदस्थ 280 आहरण संवितरण अधिकारियों 'डीडीओ' को पत्र जारी किया गया है। जारी पत्र के अनुसार सारे विभागों से उनके द्वारा मार्च 2026 में किए गए खर्च की जानकारी मांगी गई है। इसी तरह वर्तमान में करंट अकाउंट में उपलब्ध बैलेंस का भी डिटेल मांगा गया है। वित्त विभाग के स्पष्ट निर्देशों के अनुसार ई-पेमेंट व्यवस्था के अंतर्गत वेंडरों को डायरेक्टर खातों में भुगतान करने जैसे निर्देश होने के बाद करंट अकाउंट में शासन का अधिकाधिक पैसा बचाकर रखना पूरी तरह नियमों के विरूद्ध एवं औचित्यहीन है।

### करंट अकाउंट में अधिकतम दो हजार रखने का नियम

वित्त विभाग से मिली जानकारी के अनुसार किसी भी विभाग में आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा करंट अकाउंट में अधिकतम दो हजार रूपए ही रखे जा सकते हैं। अविभाजित मध्यप्रदेश के समय यह राशि दस हजार थी, जिसे बाद में घटाकर पांच हजार किया गया था। वर्तमान में यह राशि दो हजार रूपए कर दी गई है। उक्त राशि का उपयोग कार्यालय की साफ-सफाई व सफाई कर्मियों के भुगतान जैसे खर्चों के लिए किया जा सकता है।

### क्यों काटे जाएंगे चेक?

वित्त विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में ई-पेंमेंट व्यवस्था लागू होने के बाद चेक काटकर भुगतान करने वाली व्यवस्था समाप्त हो चुकी है। ऐसे में यदि करंट अकाउंट में बड़ी राशि जमा रखी जाती है, तो सीधा अर्थ है कि किसी ना किसी को चेक से भुगतान किया ही जाना है। जो कि नियमों के विपरीत है। यही कारण है कि पूरे प्रदेश के सारे विभागों से करंट एकाउंट का हिसाब मांगा गया है।

### जानकारी मांगी गई

वित्त विभाग के निर्देशानुसार मार्च में किए गए खर्च एवं करंट अकाउंट में वर्तमान में उपलब्ध शेष राशि की जानकारी के लिए जिले के 280 डीडीओ को पत्र भेजा गया है। प्रदेश में ई-पेमेंट व्यवस्था लागू है, जिससे किसी भी वेंडर को चेक काटकर भुगतान नहीं करना है, सीधे संबंधित के खाते में भुगतान किया जाना है। ऐसे में करंट अकाउंट में राशि का अनावश्यक जमाव नियमानुसार सही नहीं है।

-बसंत गुलेरी, वरिष्ठ जिला कोषालय अधिकारी

### गोंड़पारा के निवासियों एवं सब्जी व्यापारियों ने निगम को सौंपा ज्ञापन

# बृहस्पति बाज़ार को मुन्नूलाल स्कूल परिसर में शिफ्टिंग का विरोध, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बृहस्पति बाज़ार को मुन्नूलाल स्कूल परिसर, गोड़पारा में शिफ्टिंग का विरोध शुरू हो गया है। मोहल्लेवासियों के साथ ही सब्जी व्यापारियों ने इसे गलत बताया है।

■ बिना किसी वैज्ञानिक ट्रैफिक सर्वे, बिना स्थल क्षमता जाने लिया गया फैसला

लोगों का कहना है कि यह क्षेत्र पहले से ही शनिचरी बाज़ार, गोल बाज़ार, सदर बाज़ार, सिटी कोतवाली मार्केट एवं सराफा जैसे अत्यधिक व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों से घिरा हुआ है। साथ ही, सिम्स अस्पताल के कारण प्रतिदिन यहां भारी यातायात दबाव बना रहता है। ऐसे में एक बड़े साप्ताहिक बाजार का यहां विस्थापन करना स्थिति को विस्फोटक बना देगा, जिससे आम नागरिकों, मरीजों, एम्बुलेंस सेवाओं एवं स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा।

दूसरी ओर व्यापारियों का कहना है कि गोंड़पारा में ना तो वहां चबूतरे बनाए गए हैं और ना ही शेड है। सुरक्षा और बाउंड्री भी नहीं है। पर्याप्त सड़क, यातायात और बुनियादी सुविधाओं का अभाव व्यापार और जनजीवन दोनों को प्रभावित करेगा। शहर के प्रमुख चिल्हर सब्जी बाजारों में से एक बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार बनाए जाने की योजना दो साल से चल रही है। इसके लिए निगम की टीम ने बाजार की दुकानों में नोटिस भी चस्पा कर दिया है और शिफ्टिंग की तैयारी की जा रही है। पहले रिवर व्यू में और अब तय किया गया है कि इस बाजार को मुन्नूलाल स्कूल परिसर, गोड़पारा में शिफ्ट किया जाएगा।



बाजार शिफ्टिंग का विरोध करते व्यापारी व गोंड़पारा के निवासी।

### पहले से ही लोग शोर और जाम से जूझ रहे

इसकी जानकारी मिलते ही गोंड़पारा और आसपास के लोग विरोध में उतर आएं हैं। निगम को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि यह फैसला अत्यंत आपत्तिजनक है कि इतना बड़ा निर्णय बिना किसी वैज्ञानिक ट्रैफिक सर्वे, बिना स्थल की वहन क्षमता के आंकलन एवं बिना स्थानीय नागरिकों से परामर्श के लिया जा रहा है। लोगों का कहना है कि पूर्व में इसी क्षेत्र में स्थापित चौपाटी के कारण पहले से ही नागरिक जाम, शोर एवं अव्यवस्था की समस्या से जूझ रहे हैं। अब यदि सब्जी मंडी को भी यहां लाया जाता है, तो यह स्थिति पूर्णतः असहनीय हो जाएगी। लोगों ने बाजार को मुन्नुलाल स्कूल, गोड़पारा में विस्थापित करने की योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने की मांग की है।

### सभी व्यापारिक संगठन उतरे विरोध में

इधर इस शिफ्टिंग के विरोध में अब शनिचरी बाजार, चाटीडीह सब्जी मंडी और तिफरा थोक सब्जी मंडी के व्यापारी संघ भी खुलकर सामने आ गए हैं। सभी संगठनों ने एक स्वर में निगम के फैसले को अव्यावहारिक और व्यापार विरोधी बताया है। व्यापारियों का कहना है कि शहर भर में बृहस्पति बाज़ार जैसा विशाल और सुव्यवस्थित पार्किंग स्पेस कहीं उपलब्ध नहीं है,जबकि नई जगह पर ऐसी कोई ठोस व्यवस्था नहीं दिख रही है। व्यापारियों ने यह भी मांग रखी है कि विस्थापन से पूर्व नई बिल्डिंग में दुकानों का किराया और शुल्क पारदर्शी रूप से तय किया जाए, ताकि भविष्य में किसी भी व्यापारी को आर्थिक असमंजस या दबाव का सामना न करना पड़े।

### निगम पर भरोसा नहीं कर पा रहे व्यापारी

व्यापारियों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर जल्द ध्यान नहीं दिया गया, तो वे उग्र आंदोलन और बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। व्यापारियों ने निगम प्रशासन पर भरोसे को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि निगम पर भरोसा करना तलवार की धार पर चलने जैसा है। वर्ष 2007 में चाटीडीह बाजार को तोड़ा गया था, जिसके बाद थोक व्यापारियों को तिफरा में दुकानें तो दी गईं, लेकिन चिल्हर (खुदरा) सब्जी व्यापारी आज भी अपनी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इस पुराने अनुभव के चलते व्यापारी वर्तमान विस्थापन को लेकर आशंकित हैं। यही हाल इमलीपारा के व्यापारियों का भी हुआ।

## व्यापार विहार में संयुक्त टीम का छापा

# लाखों की फर्जी एवरेस्ट मसालों की खेप जब्त



कार्रवाई करती खाद्य एवं औषिधि प्रशासन और राजस्व की टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

व्यापार विहार स्थित श्री बालाजी कार्गो मूवर्स ट्रांसपोर्ट में नकली मसाले की खेप होने की जानकारी मिलने पर पहुंची खाद्य एवं औषिधि प्रशासन व राजस्व की टीम को 8 बड़ी झालों में भरे करीब 32 बॉक्स नकली एवरेस्ट ब्रांड के चिकन मसाले बरामद किया है लेकिन ताज्जूब की बात यह है कि ट्रांसपोर्टर्स के पास ना तो भेजने वाली की जानकारी है और ना ही खरीददार की। ऐसे में संयुक्त टीम की कार्रवाई अधर में लटक चुकी है। बताया जा रहा है कि एवरेस्ट कंपनी के अधिकारी ही इस मामले में एफआईआर कराएंगें। जिसके बाद पुलिस डुप्लीकेट माल बेचने और प्रशासन मसालों का परीक्षण करा सकेगा।

नकली और डुप्लीकेट खाद्य सामग्री का कारोबार जिले में तेजी से पैर पसार रहा है। बाजारों में मिलावटी सामानों की बढ़ती आमद अब आम उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। सोमवार की देर रात व्यापार विहार क्षेत्र के श्री बालाजी कार्गो मूवर्स ट्रांसपोर्ट पर राजस्व विभाग और खाद्य सुरक्षा विभाग की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की और लाखों रुपए की संदिग्ध नकली चिकन मसाला खेप जब्त की है।टीम ने 8 बड़ी झालों में भरे करीब 32 बॉक्स नकली एवरेस्ट ब्रांड के चिकन मसाले बरामद किया है। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने तत्काल कार्रवाई करते हुए पूरे माल को जब्त कर लिया और परिसर को सील कर दिया है। जांच के दौरान कंपनी के प्रतिनिधियों ने भी स्पष्ट किया कि जब्त मसाला उनके ब्रांड का असली उत्पाद नहीं है, जिससे मामले की गंभीरता और बढ़ गई है। कार्गो मूवर्स के संचालक ने इस पूरे मामले से खुद को अलग बताते हुए कहा कि इस सामान की कोई जानकारी नहीं है। हालांकि, जिस स्थान पर यह खेप रखी गई थी वहां लगे सीसीटीवी कैमरे अब इस पूरे नेटवर्क का खुलासा करने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

### बड़ा सवाल, कैसे पहुंचा माल

कार्रवाई ने एक बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर इतने बड़े पैमाने पर नकली खाद्य सामग्री शहर तक कैसे पहुंच रहा है जबकि ट्रांसपोर्ट ने अधिकारियों को कुछ भी बताने से मना कर दिया है। खाद्य सुरक्षा विभाग अबतक मामले में सैंपल नहीं ले सकता है। कंपनी के अधिकारियों के आते ही सैंपल ली जाएगी। वहीं संचालक को नोटिस जारी कर सामान के बारे में पड़ताल की जा रही है।

### एफआईआर दर्ज कराई जाएगी

राजस्व व हमारी टीम ने संयुक्त तौर पर छापामार कार्रवाई की है, लेकिन ट्रांसपोटर ने माल के बारे में अनभिज्ञता जाहिर की है, जिसके चलते कंपनी के अधिकारियों से बात की गई है, अब वे यहां आकर माल की पुष्टि करेंगें और वे ही एफआईआर दर्ज कराएंगें।

-आर आर देवांगन, अभिहित अधिकारी, खाद्य विभाग

# महिला पर चाकू से हमला, मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** बीती रात रिश्तेदार को रेलवे स्टेशन छोड़कर अपने पति के साथ घर लौट रही महिला से मुल्कराज होटल के सामने दो युवक जबरिया गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर एक युवक ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे महिला के हाथ में चोट आई है। पुलिस चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है। ज्ञात हो पिछले दिनों होटल के सामने एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का वीडियों वायरल हुआ था। लोगों का कहना है कि देर रात तक होटल के सामने असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है।

तोरवा पुलिस के अनुसार क्षेत्र की रहने वाली लक्ष्मी सतनामी पति लक्ष्मीनारायण 4 मई की रात 8.30 बजे अपने पति के साथ रिश्तेदार को छोड़ने के लिए रेलवे स्टेशन गई थी। छोड़ने के बाद दोनों पति- पत्नी पैदल घर लौट रहे थे। रात 9 बजे मुल्कराज होटल के सामने राजा व डैनी मिले और बिना करण के उनसे वाद विवाद करने लगे। लक्ष्मी ने गाली देने से मना किया तो राज ने जान से मारने की धमकी देते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। बीच बचाव करने पर उनके हाथ की कलाई में चोट आई है। वहीं डैनी ने हाथ मुक्का से जमकर मारपीट किया है। उनके पति लक्ष्मीनारायण ने बीच बचाव कर बचाया। चाकूबाजी की वारदात से होटल के सामने हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पीड़ित महिला ने थाने में जाकर रिपोर्ट लिखाई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर राजा व डैनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 3, 5, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर खानापूर्ति कर ली है। पुलिस हमलावर चाकूबाजों को नहीं पकड़ पाई है।

### युवक से मारपीट करने का वीडियो हुआ था वायरल

पिछले दिनों होटल मुल्कराज के सामने ही एक युवक के साथ युवकों के द्वारा जमकर बेरहर्मी से मारपीट करने का सोशल मीडिया में वीडियो वायरल हुआ था। बताया जाता है कि होटल के सामने देर रात तक असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। उनके द्वारा आने जाने वाले लोगों के साथ गुण्डागर्दी कर मारपीट की जाती है। लगातार विवाद सामने के आने के बाद भी पुलिस होटल को समय पर बंद नहीं करा पा रही है।


# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासकीय सेवा हासिल करने वाला प्रधान पाठक निलंबित

■ नाम बदलकर हासिल की नौकरी

**बलरामपुर।** प्रधान पाठक द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर शासकीय नौकरी हासिल करने का मामला सामने आया है। डीईओ की जांच में इस बात की पुष्टि हुई है। पुष्टि के बाद जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राथमिक शाला कोल्हुआ के प्रधान पाठक लालमन सिंह द्वारा धोखा-धड़ी कर शासकीय नौकरी प्राप्त कर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम का उल्लंघन करने पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1966 के के नियम -9(क) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत के आधार पर शासकीय सेवा में नियुक्ति से संबंधित एक प्रकरण की जांच कराई गई। शिकायतकर्ता द्वारा प्रस्तुत आवेदन में आरोप लगाया गया था कि विकासखंड वाड्रफनगर के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक विद्यालय कोल्हुआ में पदस्थ प्रधान पाठक लालमन सिंह द्वारा नियुक्ति के दौरान नाम में त्रुटि करते हुए शासकीय सेवा प्राप्त की गई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला शिक्षा अधिकारी, द्वारा जांच कराई गई। जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों एवं साक्ष्यों का परीक्षण किया गया तथा संबंधित व्यक्तियों के बयान दर्ज किए गए। जांच प्रतिवेदन में प्रस्तुत तथ्यों के आधार पर प्रकरण में विसंगति पाए जाने की पुष्टि हुई है।

## यात्रा कराने के नाम पर 15 से अधिक लोगों से 8 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** यात्रा कराने के नाम पर 15 से अधिक लोगों से 8 लाख 12 हजार 878 रुपए की ठगी कर ली गई। पुलिस ने प्राइवेट कंपनी के संचालक सहित कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।



सिविल लाइन थाना के एएसआई चंद्रकांत डहरिया ने बताया कि कोरबा हरदीबाजार निवासी अमित गुप्ता पिता रामाकांत गुप्ता 36 साल ने रिपोर्ट लिखाई कि श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित मैग्नेटो मॉल फोर्थ फ्लोवर में एक टूर एण्ड ट्रैवल्र्स की प्राइवेट कंपनी है। कंपनी के संचालक व कर्मचारियों के द्वारा लोगों को सुख सुविधा के साथ यात्रा कराने की योजना बताई गई। उनकी बातों में आकर श्री गुप्ता सहित 15 से अधिक लोगों ने परिवार के साथ यात्रा करने के लिए 8 दिसंबर 2025 से 16 अप्रैल 2026 तक 8 लाख 12 हजार 878 रुपए जमा किया। पैसा जमा करने के बाद भी उन्हें तय सीमा पर यात्रा नहीं कराया गया। पीड़ित लोगों ने कार्यालय में जाकर संपर्क किया तो संचालक व कर्मचारियों के द्वारा बहाने बनाकर घुमाया जाता रहा। पीड़ितों ने अपने पैसा वापस मांगें तो भी नहीं लौटाया गया। पुलिस ने श्री गुप्ता की रिपोर्ट पर कंपनी के संचालक नागेश बाला, साहेब साखरे व उनके सहयोगी श्रीमांत राम खांडे, किरण मुनी, इमरान अंसारी, कपिल, आसिफ, साहिल ठाकुर, अश्रय मिथे, अनुराग गुप्ता, ईश्वर जादव, कुमुद, जितेश, पृथ्वी अभिषेक एवं अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## सीएमओ को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मंगलवार को आयोजित साप्ताहिक टीएल बैठक में सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सुशासन तिहार के अंतर्गत शिविरों के दौरान तखतपुर में प्रचार-प्रसार में लापरवाही पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। इस पर कलेक्टर ने तखतपुर के सीएमओ अमरेश सिंह को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं ई-डिस्ट्रिक्ट योजना के अंतर्गत लगभग 12 प्रतिशत आवेदनों के निरस्त होने पर कलेक्टर ने असंतोष जताया। उन्होंने लोकसेवा केंद्रों के ऑपरेटरों को चेतावनी देने के निर्देश दिए।

# कुत्ते के काटने के तीन माह बाद महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** कुत्ता के काटने तीन माह बाद महिला की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। महिला ने कुत्ता के काट लेने की जानकारी परिजन को नहीं दी और गांव में जड़ी-बूटी से इलाज करवा रही थी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार जशपुर थाना अंतर्गत ग्राम मकरीबंधा निवासी स्थरेंस केरकेट्टा को करीब तीन माह पहले पड़ोस के पालतू कुत्ते ने काट लिया था। महिला कुत्ता के काट लेने को गंभीरता से नहीं लिया और अस्पताल जाने के बजाय गांव में वैद्य से जड़ी-बुटी से इलाज करा रही थी। तीन दिन पहले महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। परिजन महिला को जशपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। डॉक्टरों का कहना है कि कुत्ते के काटने के बाद तुरंत एंटी रेबीज इंजेक्शन लगवाना जरूरी होता है। झाड़-फूंक या जड़ी-बूटी के भरोसे रहने से संक्रमण बढ़ सकता है, जो बाद में जानलेवा साबित होता है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार इस तरह के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। कुछ दिन पहले भी इसी तरह की लापरवाही के कारण एक अन्य व्यक्ति की मौत हो चुकी है। डॉक्टरों ने लोगों से कहा है कि कुत्ते या किसी भी जानवर के काटने पर तुरंत अस्पताल जाकर इलाज कराएं, ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

## नाबालिग से दुष्कर्म पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**सोनगरा।** पड़ोसी घर खेलने गई बालिका को अकेला देख अधेड़ ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। पीड़ित बालिका के परिजन ने घटना की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला को गंभीरता से लेते हुए न सिर्फ आरोपी के विरूद्ध अपराध दर्ज किया बल्कि आरोपी को दूसरे गांव से गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार 9 वर्षीया बालिका रविवार की दोपहर पड़ोसी के घर में खेलने गई थी। इसी दौरान 55 वर्षीय आरोपी ने बालिका को अकेला देखकर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। इधर घटना के बाद जब मामला परिजन के संज्ञान में आया तो परिजन तत्काल घटना की शिकायत पुलिस से की। शिकायत मिलते ही भटगांव पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को दूसरे गांव से गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध धारा 65 (2) और पॉक्सो एक्ट की धारा 6 के तहत मामला दर्ज कर किया है। घटना के बाद पीड़िता की सुरक्षा और काउंसलिंग को ध्यान में रखते हुए उसे बाल कल्याण समिति सूरजपुर भेज दिया गया है। भटगांव पुलिस मामले के अन्य सभी पहलुओं पर भी गहनता से जांच कर रही है ताकि आरोपी के खिलाफ कड़े साक्ष्य जुटाए जा सकें। इस घटना के बाद लोगों में आक्रोश का माहौल है।

# जंगल में अतिक्रमण : हटाए गए लोग, जब्त की गई सागौन

**बिलासपुर।** जंगल में अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए वन मंडल की टीम ने लोगों को हटाने के साथ मौके से सागौन सहित अन्य प्रजातियों की लकड़ियों को जब्त किया है।

वन मंडल मरवाही के गौरला परिक्षेत्र अंतर्गत पंडरीपानी परिसर के कक्ष क्रमांक 2343 में अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ विभागीय कर्मचारियों और अधिकारियों को सूचना मिली। इस सूचना के बाद वन



मंडलाधिकारी ग्रीष्मी चांद के आदेश पर टीम ने मौके पर पहुंचकर तत्काल कार्रवाई शुरु कर दी। जानकारी के अनुसार लगातार दो दिन तक कक्ष क्रमांक 2343 में कार्रवाई करने के बाद आसपास की पांच बस्तियों बैसलोटी, बांदाटोला, खमनिकला, बलधार एवं गंगपुर से करीब 500 नग सागौन की बल्ली जब्त की गई, जिसकी अनुमानित मात्रा करीब 5 मीटर आंकी गई है। इसके अलावा मंगलवार को कक्ष क्रमांक 2343 के करीब 5.5 हेक्टेयर क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान करीब 15 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिसमें संबंधित को जुलाई 2025 से भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 80 ए के अंतर्गत नोटिस जारी किया गया था।

## खबर संक्षेप



### रेलवे की सेंकेंड एंट्री की बदहाल स्थिति से लोग परेशान

**कोरबा।** दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे ने लोगों की सुविधा के लिए मानिकपुर की तरफ सेंकेंड एंट्री का विकल्प दिया है। गंदगी से लेकर कई तरह की समस्याएं इसे बदहाल कर रही है। ऐसे में लोग परेशान हो रहे हैं। रेलवे स्टेशन जाने के लिए सीतामणी और नहरपारा होकर प्रमुख रास्ता दिया गया है। रेलवे क्रासिंग की उपस्थिति से अक्सर यहां से आवागमन करने में समस्याएं होती है। कोरबा के ट्रांसपोर्ट नगर, कोसाबाड़ी से लेकर एसईसीएल और बालको नगर के लोगों को राहत देने के इरादे से जून 2015 में तत्कालिन सांसद बंशीलाल महंतो के प्रयासों से रेलवे ने सेंकेंड एंट्री का विकल्प दिया था। लंबे समय से एसईसीएल सेंट्रल वर्कशॉप से लेकर सेकेंड एंट्री तक का रास्ता बदहाल है। गड्ढों के साथ कोल डस्ट के कारण हर मौसम में परेशानी है। हवा चलने पर कोल डस्ट का गुबार जहां हर किसी को मुश्किल में डालता है वहीं बारिश के समय होने वाला कीचड़ सोचने पर मजबूर करता है कि सेकेंड एंट्री की सुविधा ली जाए या नहीं। सेकेंड एंट्री के भीतर भी धूल-धक्कड़ लोगों के स्वास्थ्य के लिए चुनौती पैदा कर रहा है। डीआरएम से लेकर अन्य अधिकारियों को इसकी खबर है लेकिन वे कुछ करना नहीं चाहते।

### गांवों में बिजली संकट, बिल पूरा, रोशनी नदारद

**कोरबा।** कोरबा जिला जिसे पूरे देश में उर्जाधानी के नाम से जाना जाता है, आज एक गंभीर विडंबना का सामना कर रहा है। जहां एक ओर यह जिला बिजली उत्पादन के लिए प्रसिद्ध है, वहीं दूसरी ओर इसी जिले के कई गांव आज भी अंधेरे में जीवन बिताने को मजबूर हैं। मामला पाली ब्लॉक के वनांचल क्षेत्र में बसे ग्राम सपलवा का है। यहां बिजली विभाग द्वारा लाइन विस्तार का काम तो किया गया है लेकिन जमीनी हकीकत बेहद चिंताजनक है। गांव में महीने भर में सिर्फ 2 से 3 दिन ही बिजली आती है बाकी समय पूरा गांव अंधेरे में डूबा रहता है। ग्रामीणों की परेशानी यहीं खत्म नहीं होती। जहां बिजली नाम मात्र की है वहीं हर महीने हजारों रुपये के बिजली बिल थमा दिए जाते हैं। यानी ग्रामीणों को बिना सुविधा के ही पूरा भुगतान करना पड़ रहा है। इससे लोगों में भारी आक्रोश है। स्थिति और गंभीर तब हो जाती है जब गांव का ट्रांसफॉर्मर पिछले दो महीनों से जला हुआ है। ग्रामीणों ने कई बार संबंधित विभाग और अधिकारियों को शिकायत दी लेकिन अब तक न तो कोई अधिकारी मौके पर पहुंचा है और न ही समस्या के समाधान की कोई पहल की गई है।सिर्फ सपलवा ही नहीं बल्कि आसपास के पहाड़ गांव और बारी उमराव गांव जैसे गांव भी वर्षों से इसी तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। यहां विकास के बड़े-बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन हकीकत में बुनियादी सुविधाएं तक लोगों को नहीं मिल पा रही हैं। ऐसे में बड़ा सवाल उठता है कि जब उर्जाधानी कहलाने वाला जिला ही अपने ग्रामीण क्षेत्रों को नियमित बिजली नहीं दे पा रहा तो विकास के दावों की सच्चाई क्या है? क्या ये दावे सिर्फ कागजों तक सीमित हैं या फिर प्रशासन इस दिशा में कोई ठोस कदम उठाएगा? ग्रामीण अब जल्द समाधान की उम्मीद लगाए बैठे हैं।

## पृष्ठ 1 का शेष

### तेज आंधी बारिश...

परिसर में ही गिर गये जिससे तीन मवेशियों की दबने से मौत हो गई है। उप सरपंच एवं अन्य ग्रामीणों के द्वारा पेड़ हटाने का काम किया गया। वहीं बालको क्षेत्र में जामबहार से सोनपुरी वाले मार्ग में पेड़ की डंगालिया गिरी। इसके अलावा पिछले कुछ दिनों से जिले के कई ग्रामीण अंचल बिजली की आंख मिचौली से गुजर रहे थे। बिजली कर्मियों के द्वारा दिन में जैसे ही सुधार कार्य किया गया, शाम को एकाएक बदले मौसम के कारण एक बार फिर बिजली गुल हो गई। मौसम में बदलाव की वजह से दिन के तापमान में भी गिरावट आ जाने से लोगों को तेज गर्मी से राहत मिली।

## निधन

### बलराम गोभिल



**कटघोरा।** कटघोरा नगर के वार्ड क्रमांक 5 नवागांव निवासी और राजस्व विभाग के पूर्व आरआई (राजस्व निरीक्षक) बलराम प्रसाद गोभिल का 85 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। हृदयाघात की शिकायत पर उन्हें बिलासपुर के अपोलो में भर्ती कराया गया था जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। स्थानीय मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे अपने पीछे पुत्र कैलाश गोभिल, लक्ष्मी गोभिल और कमल गोभिल का भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## जिले में ओबीसी वर्ग के लिए एक हॉस्टल ही है संचालित

# इस वर्ष भी ओबीसी वर्ग के छात्रों को नहीं मिलेगी हॉस्टल की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ओबीसी वर्ग के छात्रों को जिला मुख्यालय के साथ ब्लाक मुख्यालय में भी हॉस्टल की सुविधा नहीं मिलेगी। विभाग के प्रस्ताव पर शासन की ओर स्वीकृति नहीं मिलने के कारण इस वर्ग के छात्रों को आवासीय सुविधा के लिए इंतजार करना पड़ेगा।

**खास बात**

- विभाग के प्रस्ताव पर अब तक नहीं मिली कोई स्वीकृति




फाइल फोटो

जिले में अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लिए 183 प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक आश्रम, छात्रावास संचालित है। इनमें एक छात्रावास ओबीसी के बालक वर्ग के लिए कन्या महाविद्यालय के समीप संचालित है। इसकी क्षमता 50 सीटर है। इसके अलावा विकास खंड मुख्यालय में भी ओबीसी वर्ग के लिए हॉस्टल सुविधा का प्रस्ताव जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक के साथ आदिवासी विकास विभाग के द्वारा भी इसकी स्वीकृति के लिए शासन को प्रस्ताव गया था। उक्त प्रस्ताव पर स्वीकृति नहीं मिलने के कारण शिक्षा सत्र 2026-27 में भी ओबीसी वर्ग के छात्रों को आश्रम, छात्रावास की सुविधा के लिए लंबा इंतजार करना पड़ेगा। क्षेत्र के प्रवास पर आए विभागीय मंत्री को भी ओबीसी वर्ग के छात्रों का एक प्रतिनिधि मंडल ने अपनी मांग से संबंधित ज्ञापन भी सौंपा था। इनके अलावा जिला प्रशासन को भी ओबीसी वर्ग के जनप्रतिनिधियों ने हॉस्टल सुविधा की पहल करने की मांग की थी।

### कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की भी नहीं बढ़ी सीट

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की सीट बढ़ाए जाने को लेकर भी राज्य सरकार को प्रस्ताव भेजा गया था। केन्द्रीय योजनाओं के तहत संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में सीट की संख्या बढ़ाने के लिए राज्य सरकार की ओर से पहल करना होता है। जिले के पांचों ब्लाक में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय संचालित हैं। उक्त आवासीय विद्यालय में किसी भी विद्यालय में सीटें नहीं बढ़ाई जाने से ओबीसी वर्ग की छात्राओं को यहां भी प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। रामपुर विधानसभा के विधायक फूलसिंह राठिया ने आश्रम छात्रावासों में सीटों की संख्या बढ़ाने को लेकर आदिम जाति कल्याण विभाग को भी पत्र प्रेषित किया है।

### दर्ज संख्या के हिसाब से जारी होती है छात्रवृत्ति राशि

बीते तीन वर्ष से प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक आश्रम छात्रावास में रहने वाले छात्रों को 1500 रुपए प्रति छात्र की दर से छात्रवृत्ति राशि जारी होती है। जिसमें उनके रहने भर के खर्च का ब्यौरा शामिल रहता है। प्रत्येक आश्रम छात्रावास को दर्ज संख्या के हिसाब से राशि जारी होने के कारण शासन की ओर से सीट बढ़ाने को लेकर नए आश्रम छात्रावास शुरू करने जैसे निर्णय लेने के लिए विभागीय स्तर पर बैठक लेने के बाद ही योजना तैयार होती है। जिले में 3 वर्ष से आश्रम छात्रावास में मिलने वाली राशि में वृद्धि नहीं की गई है।

### प्रस्ताव भेजा गया है

ओबीसी वर्ग की छात्र-छात्राओं के लिए छात्रावास संचालित करने के लिए विभाग के द्वारा शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। स्वीकृति के इंतजार में शुरू नहीं किया जा रहा है।

-श्रीकांत कसेर,
सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग

## चार घरों में हुई चोरी का पर्दाफाश

### तीन आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



जब्त सामान के साथ पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा क्षेत्र के ग्राम मधईपुर के चार धरों में हुए चोरी का पर्दाफाश पुलिस ने कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में बलौदा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलौदा क्षेत्र के ग्राम मधईपुर में हुई सिलसिलेवार चोरी की चार घटनाओं का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता पाल के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोना -चांदी के आभूषण, नगदी, बर्तन, टीवी, मोबाइल सहित बड़ी मात्रा में चोरी का सामान बरामद किया है। 2 से 3 मई की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने थाना बलौदा क्षेत्र के मधईपुर गांव के चार अलग-अलग घरों को निशाना बनाया। चोरों ने घरों में घुसकर अलमारी और पेटियों में रखे कीमती जेवर, नगदी व अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। पहली घटना में संतराम रात्रे के घर से चांदी का पायल व सोने का लॉकेट चोरी हुआ। दूसरी घटना में रवि शंकर रात्रे के घर से चांदी का पायल, मंगलसूत्र, सोने का लॉकेट व नगदी पार कर दी गई। तीसरी घटना में रेशम लाल रात्रे के सूने मकान का ताला तोड़कर बिछिया, सोने के आभूषण, कांस -पीतल के बर्तन व नगदी चोरी की गई। मामले में अमृत पटेल पिता रामलाल पटेल, उत्तम पठारे पिता अमरनाथ पठारे एवं तुलसी पटेल पिता एकादशी पटेल को गिरफ्तार किया गया है।

## श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शामिल हुए पूर्व विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



श्री कृष्ण ने भागवत गीता में कहे है, तू कर्म कर फल की चिंता न कर,जैसा मनुष्य कर्म करेगा उसका फल, परिणाम भी वैसे ही मिलेगा। इस धरती पर कुछ भी शाश्वत रहने वाला नहीं है। जो पैदा हुआ है उसकी मृत्यु निश्चित है विधाता ने प्रत्येक जीव प्राणी की मृत्यु तय कर रखी है इसलिए मनुष्य को चाहिए कि इस जीवन में जितनी हो सके भागवत चरण का शरण लेना चाहिए, सत्कर्म करते रहना चाहिए,दीन हीन गरीबों की मदद् करनी चाहिए।

उक्त बातें हरदीबाजार पुराना दीपका रोड़, शांतिनगर में 28 अप्रैल से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथा के सातवें दिवस की कथा में सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष,कथा विश्राम व चढ्त्तोरी के दौरान कथावाचक रमाकांत शर्मा हरदीबाजार वाले ने अपने मुखारविंद से कही। कथा दोपहर 3.30 बजे से आरंभ होकर प्रभु इच्छा तक हुई । पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर ने महराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किए और उपस्थित श्रोताओं को अपने संबोधन में कहें कि श्रीमद्भागवत कथा से घर परिवार में सुख-शांति व समृद्धि तो आती है। वहीं जीवन के कठिन परिस्थितियों में भी रास्ता निकलता है,बस मनुष्य सत्कर्म करते चले, धैर्य रखें कठिन समय में हौसला बनाए रखें और प्रभु चिंतन करते रहे ।इस दौरान इंद्रपाल सिंह कंवर, रमेश अहीर, रामायण कंवर,कौशल श्रीवास,अंजली श्रीवास,गुलशन जायसवाल राजाराम जायसवाल, रामकुमार यादव, राजाराम राठौर सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासीयों ने श्रीमद्भागवत कथा श्रवण किए । आयोजक संतोष श्रीवास,आशीष श्रीवास,श्रीमती श्रीया श्रीवास के द्वारा भोग भंडारा का आयोजन किया गया है। वहीं कथा श्रवण करने गांव व क्षेत्र के समस्त मानस प्रेमी उपस्थित रहे।

## कलिंगा कम्पनी मजदूर संघ ने मनाया अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा



मजदूर दिवस पर उपस्थित ड्राइवर संघ के पदाधिकारी।

दीपका कोल माइंस के अन्तर्गत आने वाले ठेकेदार कम्पनी कलिंगा ड्राइवर मजदूर संघ के नेतृत्व में भव्य अंतराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील कुमार मैकेनिकल (जीएम), विशिष्टअतिथि विकास दुबे (जीएम), महेश बाबू (प्रोजेक्ट मैनेजर), सुभाजित पांडा (टाइम ऑफिस इंचार्ज) व कम्पनी के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कलिंगा ड्राइवर संघ ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र में माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कम्पनी व ड्राइवरों संघ द्वारा चयनित ऐसे मजदूर साथी जो पूरे साल में अपने कार्य को निष्ठा पूर्वक किया उन सभी मजदूरों को एक-एक कर मुख्यअतिथि व विशिष्ट अतिथियों के हाथों से मेडल व शील्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि सुनील कुमार ने सभी मजदूर भाईयों को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस की शुभकामनाएं दिये और कलिंगा कम्पनी के मजदूर संघ को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा पहली बार इस तरह दीपका कलिंगा कम्पनी में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस मनाया गया हैं। विशिष्ट अतिथि विकास दुबे ने कहा कम्पनी की रीड की हड्डी मजदूर हैं, हमारा हमेशा से मजदूर भाईयों प्रति स्नेह, सम्मान रहा हैं। इस दौरान सुनील नायक, महेन्द्र कांत, सावन कुमार, रणविजय, टीकाराम पटेल, धरमसिंह कंवर, घासीराम, रविशंकर महंत, सावेश कुमार, दिलीप सारथी, राजू शुक्ला, अश्विनी चौहान, सतीश कुमार, विनय कुमार, दुबराज सिंह कंवर, प्रताप सिंह, मनोज यादव, जान सिंह कंवर, शिवपाल, प्रयाग नारायण, राजू राठौर, भजन सिंह, दया कश्यप, जाफर, मनोज पटेल, अजय सिंह, कानुचरण, राजेश कुमार यादव, कृपा सिंघु, शिवदायल, एजाज खान, विजय महंत सहित बड़ी संख्या में मजदूर संघ के कार्यकताओं उपस्थित थे।

## नियमित मॉक ड्रिल से औद्योगिक सुरक्षा मानकों को मिलती है मजबूती : विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता एल्यूमिनियम कंपनी बालको ने मेटल डिवीजन स्थित पेट्रोल पंप क्षेत्र में अग्नि आपातकाल एवं कैजुअल्टी प्रबंधन की तैयारियों का आकलन करने हेतु एक मॉक ड्रिल आयोजित किया। यह अभ्यास राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया, जो कर्मचारी सुरक्षा, आपातकालीन तैयारी एवं औद्योगिक सुरक्षा जागरूकता के प्रति बालको की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

मॉक ड्रिल जिला प्रशासन के प्रतिनिधि विजय सिंह पोटाई, उप संचालक, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस अभ्यास का उद्देश्य आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को सुदृढ़ करना, विभिन्न टीमों के बीच समन्वय बढ़ाना तथा औद्योगिक सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करना था। इस दौरान पेट्रोल डिस्पेंसिंग यूनिट में संचालन के समय आग लगने की आभासी स्थिति तैयार की गई। अभ्यास में कैजुअल्टी की स्थिति भी शामिल की गई थी। आपातकालीन प्रक्रिया के तहत ऑपरेटर ने तत्काल अलार्म बजाया तथा स्थिति को नियंत्रित करने के लिए स्थल पर उपलब्ध अग्निशामक यंत्र का उपयोग किया। इसके साथ ही सेंट्रल कंट्रोल रूम को सूचना दी गई, जिसके बाद फायर, रेस्क्यू, मेडिकल एवं सुरक्षा टीमों को तुरंत घटनास्थल पर रवाना किया गया। सभी आपातकालीन टीमें निर्धारित समय के भीतर मौके पर पहुंचीं और समन्वित तरीके से अग्निशमन, रेस्क्यू एवं मेडिकल कार्यवाही को अंजाम दिया। आभासी रूप से घायल व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया गया तथा आगे की चिकित्सीय जांच हेतु भेजा गया। अभ्यास में बालको की आपातकालीन नेतृत्व टीम ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रमुख अधिकारियों में बालको के सीईओ एवं निदेशक आरके सिंह चीफ इंसीडेंट कंट्रोलर, शुभम भारद्वाज, साइट इंसीडेंट कंट्रोलर बसंत कुमार वर्क इंसीडेंट कंट्रोलर, तथा भारतेंदु कमल पांडे, चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर शामिल रहे। मॉक ड्रिल की सराहना करते हुए विजय सिंह पोटाई ने कहा कि इस प्रकार की नियमित मॉक ड्रिल औद्योगिक सुरक्षा मानकों को मजबूत करने एवं वास्तविक आपातकालीन परिस्थितियों के लिए तैयारियों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

**खास बात**

- बालको ने मेटल डिवीजन पेट्रोल पंप में अग्नि आपातकालीन मॉक ड्रिल का किया आयोजन

## भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ की बैठक



छात्रों को सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला भाजपा कार्यालय दीनदयाल कुंज कोरबा में शिक्षा प्रकोष्ठ की परिचयात्मक बैठक रखी गई। जिसमें शिक्षा प्रकोष्ठ सरगुजा संभाग प्रभारी समीर पाण्डेय (प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़) एवं सरगुजा संभाग सह प्रभारी भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ संजीव कर्मकार (प्रदेश सह संयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ छत्तीसगढ़), केशव दास वैष्णव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ श्रीमती मीना शर्मा जिला संयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ कोरबा, अजय विश्वकर्मा जिला महामंत्री भाजपा कोरबा, चंद्रभूषण झा जिला सहसंयोजक भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ कोरबा मंचासीन रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। सभी कार्यकर्ताओं द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना श्रीमती मीना शर्मा ने रखी तत्पश्चात अतिथियों का उद्बोधन हुआ, छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले कक्षा 12वीं एवं 10वीं के मेधावी विद्यार्थियों महिमा पटेल, गायत्री साहू,गीतिका सोनपुरी ,प्रिंस साहू, नेहा केंवट को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मातृशक्तियां आभा दुबे, सपना झा, सुनीता उपाध्याय, सरिता साहू,आरती प्रजापति, उपस्थित रहीं। शैलेष सिंह सोमवंशी, आदित्य कुमार साहू, शंकर पटेल इंद्रमोहन झा, करन राठौर, अश्विनी साहू, चित्रेश प्रजापति, संतोष राजवाड़े, योगेश थवाईत, संतोष यादव, संजय मानिकपुरी,लीला राम पटेल,राज तिवारी आदि भाजपा कार्यकर्ताओं की गरिमामय उपस्थिति रही।

### बिर्रा क्षेत्र में जिओ नेटवर्क की समस्या से मोबाइल धारक परेशान

**बिर्रा।** क्षेत्र में जिओ की सीम नेटवर्क की समस्या से मोबाइल उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पिछले कई महीना से जिओ का नेटवर्क बिर्रा में और बिर्रा अंचल के तीन दर्जन गांवों में जिओ सीम नेटवर्क का कवरेज खराब हो जाने के कारण नेटवर्क का रेंज कम हो गया है। जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा और आसपास के तीन दर्जन गांवों में पिछले लगभग कई महीना से जिओ का नेटवर्क में खराबी आ जाने के कारण जिओ के मोबाइल उपभोक्ताओं को मोबाइल चलाने में भारी परेशान है।

प्रो.क्र. 121/2026 प्रकरण क्रमांक 10/2026
पेशी तारीख- 12/05/2026
आज ईश्तहार/नोटिस
**न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला कोरबा (छ०ग०)**
श्रीमती शशि माली वगैरह ............आवेदक/वादी
बनाम
आयुक्त नगर पालिक निगम वगैरह अनावेदक/प्रतिवादी
उपरोक्त आवेदक/वादी श्रीमती शशि माली वगैरह ने अनावेदक/प्रतिवादी आयुक्त नगर पालिक निगम वगैरह के विरुद्ध भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 372 के तहत न्यायालय श्रीमान द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा जिला कोरबा (छ०ग०) में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त आवेदन पत्र की सुनवाई हेतु दिनांक-15-05-2026 तिथि नियत है। अतः अनावेदक/प्रतिवादी आम जनता (जिसका इससे कोई संबंध हो) को उक्त प्रकरण के सबंध में कोई आपति हो तो सुनवाई दिनांक 15-05-2026 को दिन 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना जवाब दावा इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी। नोटः- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी दिवस में की जावेगी। आज दिनांक 01-05-2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
(डॉली ध्रुव)
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

## निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं दवाइयों का किया गया वितरण



स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित ग्रामीण एवं चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत गृह, कोरबा पूर्व संयंत्र के मुख्य अभियंता संजीव कंसल के निर्देशानुसार 5 मई को ग्राम पंचायत भवन बेनदरकोना में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिविर का शुभारंभ अधीक्षण अभियंता एन. एस. ठाकुर,डॉ. प्रज्ञा चन्द्रा,एवं डॉ. कान्हा कृष्णा अग्रवाल के उपस्थिति में किया गया।

ग्राम बेनदरकोना में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा हेतु ग्राम उप सरपंच हरीश मार्वल, सचिन चंद्रभान सिंह द्वारा मुनादी करवाकर ग्रामवासियों को स्वास्थ्य शिविर का लाभ पहुचवायाँ गया साथ ही निशुल्क दवाईयाँ भी वितरित कराई गई। जिसमें अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर ग्रामवासियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाया गया। ग्रामवासियों द्वारा स्वास्थ्य शिविर की सराहना भी की गई एवं गांव में होने वाली चिकित्सा समस्याओं से वहां उपस्थित अधिकारियों को भी अवगत कराया गया। स्वास्थ्य शिविर में कोरबा पूर्व मुख्य चिकित्सालय से पंजीयक संदीप सोना, स्टाफ नर्स शालिनी, फार्मासिस्ट करण यादव, लैब टेक्निशियन प्रभा राव, सुरक्षा सैनिक जगराम पटेल टॉहक राम पटेल का सराहनीय सहयोग रहा।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### देऊरमाल की गरिमा ने 10वीं में 97 प्रतिशत अंक किया हासिल



**कोरबा।** कोरबा विकासखंड के ग्राम पंचायत देऊरमाल की बेटी गरिमा भारद्वाज ने हाई स्कूल सर्टिफिकेट 10वीं की मुख्य परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक हासिल किया। गरिमा शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में अध्ययनरत है जहाँ अध्ययन करते हुए कक्षा 10वीं की वार्षिक परीक्षा में कुल 582 अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय, माता पिता व साथ ही अपने गाँव का मान बढ़ाया। गरिमा के इस सफलता से उसके पिता सत्येंद्र कुमार भारद्वाज व माता विनय भारद्वाज काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। गरिमा ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को दिया।

### शास्त्री विद्यालय का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**हरदीबाजार।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा में कक्षा 10वीं में अध्यनरत छात्रा कु. अंजली पटेल 86 प्रतिशत, अंकिता मरार 80 प्रतिशत, वंदना मरार 78 प्रतिशत एवं कक्षा 12 वीं में कुं प्रतिभा यादव 80 प्रतिशत, मानसी कँवर 79 प्रतिशत, रिया रात्रे 75 प्रतिशत रहा। संस्था के अध्यक्ष बोधराम कँवर, उपाध्यक्ष दयाराम कँवर, शिक्षा समिति के सदस्यगण एवं प्राचार्य श्रीमती पदमिनी रात्रे, शिक्षक वीं. के. साहू, सी. एल. कुर्रे, एम. के. कर्ष, जी. पी.श्रीवास, आर. पी. साहू, एस. एल. कुम्भकार, एस. भूपेंद्र, डी. कुर्रे, शिक्षिका ए. पटेल, उर्मिला कँवर एवं समस्त कर्मचारी के द्वारा इनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छात्राओं ने बढ़ाया विद्यालय का गौरव, कौशल आधारित शिक्षा का दिखा प्रभाव



**कटघोरा।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटघोरा में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों रिटेल एवं ब्यूटी एंड वेलनेस में इस वर्ष कक्षा 10वी एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सौ प्रतिशत परिणाम हासिल किया है। छात्रा राशि राज ने कक्षा 12वीं में 90.6 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में इन दोनों ट्रेड में अध्ययनरत सभी छात्राओं ने परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम ऊँचा किया है। छात्राओं ने न केवल सैद्धांतिक ज्ञान बल्कि व्यावहारिक प्रशिक्षण में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जो उनकी सफलता का प्रमुख आधार रहा। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, व्यावसायिक शिक्षा के माध्यम से छात्राओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, जिससे वे भविष्य में आत्मनिर्भर बन सकें। रिटेल एवं ब्यूटी एंड वेलनेस ट्रेड में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन, नियमित प्रैक्टिकल अभ्यास तथा छात्राओं की मेहनत का यह सकारात्मक परिणाम है।

### ओवरब्रिज के नीचे माल अनलोडिंग, ढाई हजार जुर्माना

**कोरबा।** शहर के पावर हाउस रोड व दर्री रोड पर मालवाहकों के कारण लगने वाले जाम को देखते हुए शुक्रवार को निगम प्रशासन ने नई व्यवस्था बनाई है। इसमें निर्धारित समय में मालवाहकों को गुजरने की अनुमति देने के साथ ही बाकी समय नो एंट्री का कड़ाई से पालन करने का निर्देश व्यापारियों को दिया गया। बा बावजूद इसके शनिवार सुबह दर्री रोड पर नो एंट्री के दौरान मालवाहक का प्रवेश कराकर ओवरब्रिज के नीचे माल अनलोडिंग कराया जा रहा था। इससे सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। सूचना मिलने पर एएसआई मनोज राठौर के साथ ट्रैफिक पुलिस की पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची, जहां खड़े मालवाहक टीएस - 07-यूएन-2346 के चालक नागराजू (30) के खिलाफ ढाई हजार रुपए का चालान किया।

# कृषि रथ पहुंचा रहा गांव-गांव में आधुनिक कृषि का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खरीफ सीज़न को सुदृढ़ बनाने एवं किसानों को आधुनिक खेती की दिशा में अग्रसर करने तथा कृषि एवं संवर्गीय योजनाओं एवं नीतियों के बारे कृषकों को जागरूक करने हेतु 5 मई से शासन के निर्देशानुसार विकसित कृषि संकल्प अभियान खरीफ पूर्व 2026 का आगाज़ 5 मई से शुरू हो गया है। उक्त अभियान के क्रियान्वयन हेतु कृषि रथ को जिला पंचायत कोरबा के प्रांगण से श्रीमती सुषमा कमला अनंत सभापति, कृषि स्थायी समिति, जिला पंचायत द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कृषि रथ को प्रचार सामग्री जैसे- लिफेल्ट्स, पाम्प्लेट्स एवं कृषकों को वितरित किये जाने वाले आदान सामग्री- मिनीकिट, डी-कम्पोज़र, स्पेयर, कृषि यंत्रों से सुसज्जित किया गया है, कृषि रथ के माध्यम से कुल 120 गांवों में 5 मई से 20 मई तक 10 दलों के साथ विशेषकर एग्रीस्टेक, स्वायल हेल्थ, पीएम किसान, दलहन/तिलहन क्षेत्र के विस्तार, संतुलित उर्वरक उपयोग, डीएपी रासायनिक खाद के विकल्प के रूप में हरी खाद, जैव उर्वरक, नील-हरित काई को बढ़ावा देना, सीड ड्रील से बीजोपचार, डी-कम्पोज़र बनाने की विधि, विभिन्न योजनांतर्गत मिनीकिट, आदान सामग्री का वितरण आदि कार्य प्रमुख रूप से किया जाएगा साथ ही फसल की नवीन तकनीकों एवं किस्मों की जानकारी कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों के साथ साझा किया जाएगा। अभियान के दौरान किसानों के लिए उपयोगी विभिन्न सरकारी विभागीय योजनाओं एवं नीतियों के बारे में किसानों का जागरूक किया जाएगा।

### विकसित कृषि संकल्प अभियान का हुआ शुभारंभ

**खास बातें**

- जैविक खेती के साथ आधुनिक कृषि की दी जा रही है किसानों को जानकारी



## 5वीं का 99.14 प्रतिशत तो 8वीं का 93 प्रतिशत, परीक्षा पत्रक तैयार करने में हुई देरी

# एक सप्ताह बाद घोषित हुआ 5वीं 8वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जनगणना में शिक्षकों की ड्यूटी लग जाने से परीक्षा पत्रक देर से तैयार हुआ। परिणाम स्वरूप 5वीं-8वीं बोर्ड परीक्षा का परिणाम निर्धारित तिथि से एक सप्ताह बाद घोषित हुआ है। जिसमें 5वीं का परीक्षा परिणाम 99.14, 8वीं का 93 प्रतिशत रहा।

लंबे समय बाद 5वीं-8वीं की बोर्ड परीक्षा आयोजित की गई। जनगणना ड्यूटी की वजह से एवं शिक्षण सत्र शुरू होने के पूर्व दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं कराए जाने के निर्देश मिले थ। इस निर्देश के तहत पांचवी-आठवीं बोर्ड परीक्षा मार्च अंतिम सप्ताह तक समाप्त हो गई। जिसके परिणाम 30 अप्रैल को घोषित किया जाना था, लेकिन सभी विकासखंड के परीक्षा पत्रक तैयार नहीं होने के कारण परिणाम की घोषणा करने में एक सप्ताह की देरी हुई। 5 मई को जिला स्तर पर जारी किए गए परीक्षा परिणाम के तहत 5वीं में 20753 छात्र बैठे थे, वहीं 20242 छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। इसी तरह 8वीं के परीक्षा परिणाम में 19106 छात्रों ने परीक्षा दिलाई। जिसमें 18429 छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं। 687 छात्र अनुत्तीर्ण पाए गए हैं। 8वीं का परीक्षा परिणाम 93 प्रतिशत रहा। दोनों ही परीक्षाओं में किसी भी छात्र को फेल नहीं करने के विभागीय निर्देश के अंतर्गत इन्हें अवसर परीक्ष में बैठने का अवसर दिया जाएगा। वहां शिक्षण सत्र शुरू होने के बाद इन छात्रों को अगली कक्षा में बैठने की अनुमति रही। अगर कोई छात्र संस्था छोड़कर किसी अन्य संस्था में प्रवेश लेता है तो उसे ही अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इसके लिए संबंधित संस्था से पत्र जारी किया जाएगा।



फाइल फोटो

### किस ब्लाक में कितने छात्र परीक्षा दिए

कोरबा ब्लाक में 8वीं ब्लाक में सर्वाधिक 5530 छात्र बैठे थे। वहीं सबसे कम करतला में 2775 छात्र परीक्षा में बैठे थे। पोड़ी उपरोड़ा विकास खंड में 3114 छात्र परीक्षा में बैठे थे। इसी तरह पाली में 3631 छात्र, कटघोरा में 4056 छात्र परीक्षा दिए। 5वीं की परीक्षा में सबसे कम छात्र करतला ब्लाक में बैठे थे। 2577 छात्र उपस्थित रहे। इसी तरह कटघोरा ब्लाक 4331, पाली ब्लाक में 3777, पोड़ी उपरोड़ा ब्लाक में 3864, कोरबा ब्लाक में 5914 छात्र परीक्षा में बैठे थे।

### युक्तियुक्तकरण से देर से पहुंचे शिक्षक

जून 2025 में शिक्षकों और स्कूल के युक्तियुक्तकरण किए जाने के कारण अनेक प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में शिक्षकों की पदस्थापना करने में देरी हो गई। जिले के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में 300 से अधिक मानदेय शिक्षकों की पदस्थापना किए जाने के बाद शिक्षकों की कमी से जूझ रहे स्कूलों में शिक्षा व्यवस्था पटरी पर आ सकी।

## बैंको में भी यातायात पुलिस चला रही है जागरुकता अभियान



जागरुकता अभियान के दौरान उपस्थित कर्मचारी व यातायात पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात पुलिस जहां सड़कों पर लगातार जांच पड़ताल कर रही है तो वहीं दूसरी ओर स्कूल कॉलेज के बाद अब सार्वजनिक प्रमुख बैंकों में भी यातायात पुलिस की टीम पहुंच रही है और जागरूकता अभियान चला रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर यातायात पुलिस निरंतर सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चला रही है। अभियान के तहत यातायात पुलिस की सउनि मनोज राठौर व उनकी टीम आईसीआईसीआई बैंक पहुंचे जहां बैंक में मौजूद अधिकारी कर्मचारियों की टीम को यातायात का पाठ पढ़ाया गया और सड़क हादसों को रोकने की दिशा पर क्या-क्या काम किया जा सकता है इस विषय पर भी उनसे चर्चा की गई। बैंक में मौजूद अधिकारी कर्मचारियों को हेलमेट पहनकर ही वाहन चलाने साथ ही नशे में धुत्त होकर वाहन नहीं चलने की अपील की। बैंक में मौजूद अधिकारी कर्मचारियों की जिज्ञासाओं को भी शांत किया गया। बताया जाता है कि स्कूल कॉलेज में जागरूकता अभियान के बाद अब यातायात पुलिस बैंक सार्वजनिक उपक्रम सहित विभिन्न सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में पहुंचकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास कर रही है ताकि जिले में बढ़ते हादसों पर विराम लगाया जा सके।

**खास बात**

- सड़क हादसों का ग्राफ कम करने पुलिस की पहल

## घरेलू एवं व्यावसायिक गैस के दामों में बढ़ोतरी के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल



प्रदर्शन करते हुए विधायक व कांग्रेस पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घरेलू एवं व्यवसायिक गैस के दामों में लगातार हो रही बढ़ोतरी और खाने पीने के सामग्री के महंगाई के खिलाफ जिला कांग्रेस कमेटी कोरबा ने हल्ला बोला है। निहारिका के घंटाघर चौक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश राठौर एवं मनोज चौहान के संयोजन में आयोजित विरोध प्रदर्शन में जिले के कांग्रेस पदाधिकारियों एवं सैकड़ों की तादाद में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर को सिर पर उठाकर विरोध प्रदर्शन किया।

रामपुर विधायक फुलसिंह राठिया ने कहा कि फरवरी से लेकर अब तक केंद्र की मोदी सरकार ने व्यावसायिक गैस सिलेंडर के दामों में (लगभग 1380 रुपये) की वृद्धि कर चुकी है और अब 993 रुपये की वृद्धि अब तक की सबसे बड़ी एक दिवसीय बढ़ोतरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार चुनाव को ध्यान में रखते हुए कीमतें टाल देती है और चुनाव खत्म होते ही जनता की चमड़ी उतारने का काम शुरू कर देती है। सरकार के पास महंगाई कम करने का एजेंडा नहीं है। सिर्फ जुमलेबाजी करते हैं। मनोज चौहान, जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) ने कहा कि रोजमर्रा के सामानों पर मूल्य वृद्धि का नकारात्मक असर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि महंगाई का अगला हमला पेट्रोल डीजल के दामों पर होगा। पिछले पांच वर्षों में 45 प्रतिशत गैस सिलेंडर का दाम बढ़ चुका है उसके बावजूद प्रधानमंत्री जी देश की जनता को नये नये सपने दिखाते हैं। बड़े बड़े विज्ञापन के जरिये वाहवाही लूटते हैं। दूसरी तरफ देश की आम जनता महंगाई और बेरोजगारी की मार से त्रस्त है। यूपीए के शासनकाल में गैस सिलेंडर के दाम 400 रुपये होने पर भाजपाई नेता महंगाई का रोना रोते थे। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख इश्तियाक ने कहा कि उभरती स्थिति ने पूरे देश में व्यापक परेशानी पैदा कर दी है जिससे कमजोर वर्ग एवं मध्यम वर्गीय परिवार प्रभावित हो रहे हैं । महिला कांग्रेस अध्यक्ष कुसुम द्विवेदी ने कहा कि युद्ध के वजह से घरेलू एवं व्यवसायिक गैस की आपूर्ति नहीं हो रही तो बढ़े दाम पर कहां से आपूर्ति हो रही है। ग्रामीण महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रभा तंवर ने कहा कि भाजपा सरकार की गलतनीतियों के कारण देश भर में घरेलु एवं कमर्शियल गैस सिलेण्डर के दामों में लगातार वृद्धि हो रही है जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है और रसोई का खर्चा दिन - प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है । आम जनता और छोटे व्यापारियों को राहत देने के लिए सब्सिडी पुनः बहाल की जाए । महंगाई पर नियंत्रण हेतु ठोस एवं प्रभावी नीति लागू की जाए। अंत में कांग्रेसजनों ने चेतावनी दी है कि यदि केंद्र सरकार इस जनविरोधी निर्णयों को वापस नहीं लेती है, तो कांग्रेस व्यापक विरोध प्रदर्शन और जनआंदोलन करने के लिए बाध्य होगी ।

**खास बात**

- निहारिका स्थित घंटाघर चौक में सिलेंडर को सिर पर उठाकर किया विरोध प्रदर्शन

## जिले के मेडिकल स्टोर्स में स्वापक एवं मन प्रभावी औषधियों के क्रय-विक्रय की जांच



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सही दवा-शुद्ध आहार, यही छत्तीसगढ़ का आधार इस थीम के अंतर्गत 27 अप्रैल से 11 मई तक चल रहे पन्द्रह दिवसीय सघन अभियान की पूर्व निर्धारित रूपरेखा के अनुरूप तृतीय चरण में जिला कोरबा के मेडिकल स्टोर्स में स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों के व्यापार से संबंधित निरीक्षण की कार्यवाही की गई।

यह अभियान सचिव स्वास्थ्य एवं नियंत्रक के आदेशानुसार कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा गठित दल द्वारा सहायक औषधि नियंत्रक के मार्गदर्शन में जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सघन रूप से संचालित किया गया। अभियान के दौरान औषधि निरीक्षकों एवं पुलिस टीम द्वारा नगर निगम क्षेत्र सहित कटघोरा और बांकीमोंगरा के मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया गया, जिसमें विशेष ध्यान उन औषधियों पर केंद्रित किया गया जो नारकोटिक ड्रग्स एवं साइकोट्रॉपिक एक्ट के अंतर्गत आती हैं तथा जिनके दुरुपयोग की संभावना रहती है। निरीक्षण में स्वापक एवं मनःप्रभावी औषधियों के भंडारण और वितरण की वैधता तथा उनके क्रय-विक्रय अभिलेखों के संधारित दस्तावेजों की जांच की गई। इन औषधियों का नशे के रूप में दुरुपयोग संभावित है, इसलिए चिकित्सकीय प्रिस्क्रिप्शन के आधार पर ही बिक्री सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

### मामूली विवाद पर गला दबाकर ले ली जान, दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** मामूली विवाद पर दो लोगों ने एक व्यक्ति की बेरहमी की पिटाई की और फिर गला दबाकर उसकी जान ले ली। पुलिस ने हत्या के आरोप में दोनों को गिरप्तार कर लिया है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के खरखोद गांव की है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जगदीश प्रजापति अपनी पत्नी दिव्या और डेढ़ वर्षीय बेटे के साथ 29 अप्रैल को रिश्तेदार के यहां विवाह कार्यक्रम में शामिल होने खरखोद गया था। रात करीब 11:30 बजे वह शराब के नशे में अपनी पत्नी और बच्चे के साथ विवाद करने लगा। बच्चे के ऊपर पैर रखने और गाली-गलौच करने पर पत्नी ने उसे समझाने की कोशिश की, लेकिन विवाद बढ़ गया। इसके बाद जगदीश घर छोड़कर गांव में ही एक अन्य स्थान पर जाकर सो गया। सुबह उसका कही कोई पता नहीं चला। इसके बाद बीते 3 मई को उसकी लाश गांव में ही एक घर के पीछे दीवार के पास संदिग्ध अवस्था में पड़ी मिली। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लाश से दुर्गंध आना शुरू हो गया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम कराया और मामले की जांच पड़ताल शुरू की। इस दौरान पीएम रिपोर्ट के आधार पर थाना पामगढ में धारा 103 (1) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

## सुशासन तिहार के शिविर में पहुंचे जिले के प्रभारी सचिव

# समस्या के निराकरण के साथ ही शासन की योजनाओं से भी लाभान्वित करना : डॉ. रोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासन की मंशा है कि किसी भी ग्रामीण को योजनाओं का लाभ लेने और अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए कार्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इसी उद्देश्य से हर वर्ष गर्मी के मौसम में शिविर लगाकर जनसमस्याएँ सुनी जाती हैं और उनका त्वरित निराकरण किया जाता है। शिविर का उद्देश्य केवल समस्याओं का समाधान करना ही नहीं है, बल्कि विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित करना भी है।

उक्त बातें जिले के प्रभारी सचिव डॉ. रोहित यादव ने पाली विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत इरफ में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कही। प्रभारी सचिव डॉ. यादव ने ग्रामीणों को मुख्यमंत्री बिजली भुगतान समाधान योजना की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर प्रदेश में 12 मार्च से इस योजना की शुरुआत की गई है। इसके अंतर्गत 28 लाख परिवारों के लगभग 900 करोड़ रुपये के बकाया बिजली बिल माफ करने का प्रावधान है। पीएम सूर्यघर योजना के संबंध में ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कहा कि शासन द्वारा सोलर पैनल स्थापना पर सब्सिडी प्रदान की जा रही है। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार के दौरान सभी अधिकारी जनसमस्या निवारण शिविरों में उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु कार्य कर रहे हैं। शिविर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए हैं, जहाँ ग्रामीण योजनाओं की जानकारी लेकर उनका लाभ उठा सकते हैं। शिविर में आयुष्मान कार्ड तथा केसीसी बनवाने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना की जानकारी देते हुए कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता के माध्यम से पंजीयन कराया जा सकता है।



राशन कार्ड का वितरण करते प्रभारी सचिव एवं कलेक्टर।

### पीएम श्री एकलव्य आदर्श विद्यालय का हुआ निरीक्षण

प्रभारी सचिव रोहित यादव ने कटघोरा अंतर्गत छुरी कला स्थित पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण कर वहां की शैक्षणिक गतिविधियों, छात्र-छात्राओं की प्रगति तथा उपलब्ध सुविधाओं का अवलोकन किया। प्रभारी सचिव ने विद्यालय के केमिस्ट्री लैब का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध उपकरणों एवं सुविधाओं की जानकारी ली। परीक्षा कक्ष का निरीक्षण कर प्रश्नपत्रों, परीक्षा पद्धति, पाठ्यक्रम एवं भाषा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने विद्यालय के ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर विभिन्न सह-शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली तथा विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों एवं आर्टवर्क की सराहना की।

